Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:16 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:58 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 83 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 16 सितम्बर 2024

राजकुमार ने फिल्म की रिलीज से...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### पीएम मोदी ने सीएम धामी को दी जन्मदिन की बधाई

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह अमित शाह ने सीएम धामी को उनके जन्मदिवस पर बधाई दी। जन्मदिवस पर टपकेश्वर महादेव मंदिर में सीएम धामी ने सपरिवार पूजन किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आज जन्मदिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें जन्मदिन पर बधाई दी। सोशल मीडिया पर सीएम धामी को जन्मदिन की खूब शुभकामनाएं मिल रही हैं। जन्मदिवस के अवसर पर देहरादून स्थित श्री टपकेश्वर महादेव मंदिर में सीएम धामी ने सपरिवार पूजन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को हार्दिक शुभकामनाएं, जो राज्य को बदलने के लिए विभिन्न पहलों में सबसे आगे हैं। ईश्वर करे कि वे दीर्घायु और स्वस्थ जीवन जियें।

### फ्लाईओवर के पास रेलवे पटरी पर मिली अज्ञात लाश, ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु की जताई जा रही आशंका

**रुद्रपुर।** काशीपुर रोड फ्लाईओवर के पास रेलवे पटरी पर अज्ञात लाश पड़े होने की सूचना पर जीआरपी पुलिस पहुंची। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु होने की आशंका जताई जा रही है। शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस के मुताबिक सोमवार सुबह फ्लाई ओवर के पास रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त के प्रयास किये, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष बतायी जा रही है। एसआई नीरज जोशी ने पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को मोर्चरी भेज दिया। मृतक की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई के बाद मोर्चरी भेज दिया।

# सराहनीय: सड़क हादसे में घायल पूर्व सैनिक को 2.20 लाख की मदद

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

सड़क दुर्घटना में घायल कुमाऊं रेजिमेंट से अवकाश प्राप्त नायक गोविन्द सिंह राना की मदद के लिए पूर्व सैनिक आगे आये हैं। उन्होंने पूर्व सैनिक के उपचार के लिए 2.20 लाख रुपये की सहायता की है।

बताया गया कि गोविंद राना रुद्रपुर सिडकुल में नौकरी करते थे। जुलाई 2020 मे रुद्रपुर जाते समय वह दुर्घटना का शिकार हो गये। उनका उपचार कराया गया और उनकी जान बच गई लेकिन उनका शरीर काम नहीं करता है।



वह बिस्तर पर पड़े हैं और पूरी तरह परिजनों पर निर्भर हैं। उनकी प्रतिदिन मरहम पट्टी होती है, इसमें काफी खर्चा हो रहा है। उनके दो पुत्र हैं, एक कक्षा 11वीं और दूसरा कक्षा 8 में पढ़ रहा है। राना की पेंशन इलाज में लग रही है। इधर बीते दिनों राना की खराब स्थिति के बारे में रिटायर्ड मेजर बीएस रौतेला को पता चला तो उन्होंने इस संबंध में जानकारी जुटाई। इस पर मालूम हुआ कि नायक गोविन्द सिंह राना छह कुमाऊं, नागा रेजिमेंट में सेवा देने के बाद 15 कुमाऊं रेजिमेंट से रिटायर हुए हैं। इस पर गोविंद राना की मदद के लिए 15 कुमाऊं के गौरव सेनानियों से संपर्क किया गया और 1.20 लाख रुपये की मदद जुट गई। साथ ही छह कुमाऊं के गौरव सेनानियों ने एक लाख की धनराशि राना के खाते में जमा करा दी है। इस बीच कुमाऊं, नागा, व कुमाऊं स्काउट्स के अध्यक्ष कैप्टन एमएस राठौर, उपाध्यक्ष कैप्टन बीएस बसेरा अन्य पदाधिकारियों के साथ गोविंद राना के घर पहुंचे और उनके परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान गौरव सेनानियों ने भरोसा दिलाया कि पूरी रेजिमेंट के सेनानी उनके साथ हैं। इस दौरान रिटायर्ड मेजर बीएस रौतेला व केएस मेहर, कैप्टन खिलानंद चिलकोटी, भूपाल सिंह महरा, भुवन चंद्र चौबे, सूबेदार मेजर कुंवर सिंह कोरंगा आदि मौजूद थे।

केजरीवाल के घर मनीष सिसोदिया-राघव की बैठक खत्म

# कल देंगे केजरीवाल इस्तीफा नए सीएम को लेकर हुई चर्चा

**नई दिल्ली**
एजेंसी

अरविंद केजरीवाल ने सीएम पद से इस्तीफा देने का एलान कर दिया। इसके बाद से दिल्ली के नए सीएम को लेकर चर्चा चल रही है। केजरीवाल के घर पर बैठक चल रही है।

मनीष सिसोदिया और राघव चड्ढा केजरीवाल के घर पहुंच चुके हैं। मनीष सिसोदिया और राघव चड्ढा अरविंद केजरीवाल के घर पहुंचे। करीब एक घंटे तक बैठक चली। इस बैठक में नए सीएम के नाम को लेकर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तमाम अड़चनें लगाए जाने के बाद भी जेल से सरकार चलाकर दिखा दी। अब उन्होंने जेल से बाहर आकर इस्तीफा दिया है। मुख्यमंत्री को उन सभी फाइल्स पर साइन करने की इजाजत थी, जिन्हें उपराज्यपाल के पास भेजा जाता है।

केजरीवाल के ऊपर फरवरी 2015 से ही तमाम बंदिशें लगाई गईं, लेकिन इसके बावजूद वह जनता के लिए काम करते रहे। अब तो भाजपा के लोग भी



कह रहे हैं कि जहां भाजपा की सोच खत्म होती है, वहां से केजरीवाल की सोच शुरू होती है।

आप मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, मंगलवार यानि कल मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपना इस्तीफा देंगे। इसके बाद जब उनका इस्तीफा मंजूर हो जाएगा तब हमारे विधायक दल की बैठक होगी और उसमें नेता चुना जाएगा। इसके बाद विधायक दल का नेता उपराज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति को अपना क्लेम देंगे और इसके बाद वह शपथ लेंगे। इस प्रक्रिया में एक हफ्ते का समय लग सकता है। सौरभ भारद्वाज ने कहा, दिल्ली के लोगों के अंदर ऐसी बेसब्री है। वह कह रहे हैं कि जल्दी चुनाव हों और हम आम आदमी पार्टी को वोट देकर अरविंद केजरीवाल को फिर से मुख्यमंत्री बनाएं। केजरीवाल के जेल से बाहर आने के बाद इस्तीफा देने पर जनता कह रही है कि उन्होंने जेल में इस्तीफा ना देकर अच्छा काम किया। भाजपा द्वारा केजरीवाल के खिलाफ रची गई साजिश से जनता बेहद नाराज है।

# हल्द्वानी रोड टांडा जंगल में कार की टक्कर से बाइक दो लोगों की मौत

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

हल्द्वानी रोड पर कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिवार के लोग पहुंच गए।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक थाना खजुरिया रामपुर के गांव अहरो निवासी शुजाहिद खां और रफ्फन खां हल्द्वानी में फल मंडी में फल बेचने का काम करते थे। रविवार की रात दोनों बाइक से जश्ने मुहम्मदी का त्योहार मनाने के लिए घर लौट रहे थे।

बताया जा रहा है कि टांडा जंगल पर रेलवे क्रॉसिंग के पास सामने से आई कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां




मृतकों की फाइल फोटो

**हादसा**
- परिवार में कोहराम मचा, बारावफात के त्योहार पर घर आ रहे थे दोनों
- हल्द्वानी में रह कर फल का काम करते थे

दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक शुजहिद पांच भाईयों में तीसरे नंबर का था। उसकी एक वर्ष की बेटी है। जबकि रफ्फन के बच्चे नहीं हैं। पुलिस ने शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम को भेजा है। उधर परिवार में कोहराम मच गया। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई थी।

# बदरी-केदार व कार्तिक स्वामी की यात्रा के लिए पैकेज दरें तय

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के निदेशक ने बताया, पैकेज दरों में पर्यटकों को बदरी व केदार धाम व कार्तिक स्वामी के दर्शन कराने साथ योग नगरी ऋषिकेश का भ्रमण कराया जाएगा।

पर्यटन और तीर्थाटन को बढ़ावा देने के लिए उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद ने बदरी-केदार, कार्तिक स्वामी और ऋषिकेश की यात्रा के लिए पैकेज दरें तय कर दी हैं। इन धार्मिक स्थलों की यात्रा के लिए तीन अक्तूबर को मुंबई से बदरी-केदार, कार्तिक स्वामी एक्सप्रेस शुरू होगी। पैकेज दर में केदारनाथ हेली सेवा के साथ ठहरना, खाना और बस सुविधा भी शामिल है। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के



निदेशक सुमित पंत ने बताया, पैकेज दरों में पर्यटकों को बदरी व केदार धाम व कार्तिक स्वामी के दर्शन कराने साथ योग नगरी ऋषिकेश का भ्रमण कराया जाएगा। इसके लिए विशेष ट्रेन मुंबई से ऋषिकेश तक चलेगी। जहां से पर्यटकों को बस के माध्यम से उक्त स्थलों तक ले जाएंगे। केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए पैकेज में केदारनाथ हेली सेवा का किराया शामिल है। स्टैंडर्ड श्रेणी के लिए प्रति यात्री 56,325 रुपये और डीलक्स श्रेणी के लिए 59,730 रुपये लिया जाएगा।

### हल्द्वानी से पंजाब रूट पर जाने वाले बसों का किराया बढ़ा

**हल्द्वानी।** पंजाब रोडवेज के बस किराया बढ़ाने के साथ ही उत्तराखंड परिवहन निगम ने भी टिकट में बढ़ोतरी कर दी है। इसके बाद अब उत्तराखंड से पंजाब आने-जाने वाले यात्रियों को अपनी जेब ढीली करनी पड़ेगी। गौरतलब है कि हल्द्वानी से पंजाब रूट पर रोजाना 10 से अधिक बसें संचालित हो रही हैं। रोडवेज से मिली जानकारी के अनुसार अब हल्द्वानी से लुधियाना का किराया 880 रुपये होगा जबकि पहले यह 855 था। इसी तरह वाया बाजपुर लुधियाना का किराया 870 से बढ़ाकर 895 किया गया है। हल्द्वानी से चंडीगढ़ वाया रामनगर 785 से बढ़ाकर 790, वाया कालाढूंगी 755 से बढ़ाकर 765, हल्द्वानी से चंडीगढ़ वाया रुद्रपुर 810 रुपये, इसमें पांच रुपये की वृद्धि की गई है। इसी तरह हल्द्वानी से जालंधर 950 से बढ़ाकर 990 तथा रुद्रपुर से पटियाला 740 से बढ़ाकर 750 रुपये कर दिया गया है।



# हजरत मोहम्मद की योमें पैदाइश पर निकाला जुलूस

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

पत्ती, पत्ती, फूल फूल या रसूल या रसूल, चमन, चमन, कली, कली के नारों के साथ हजरत मोहम्मद साहब की योमें पैदाइश के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोग आज सुबह लाइन नंबर 17 मुजाहिद चौक पर एकत्र हुए और नारों के साथ क्षेत्र में जुलूस निकाला जुलूस नई बस्ती से होता हुआ इंदिरा नगर बड़ी रोड छोटी रोड नई बस्ती लाइन नंबर 12, 16, लाइन नंबर 1 से गुजर कर मंगल पड़ाव से होता हुआ दांत चौराहा तक चौराहे से रेलवे बाजार से गुजर कर किदवई नगर से होता हुआ मुजाहिद चौक पहुंचा जहां जुलूस का समापन हुआ।

इस दौरान, जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद आजम कादरी ने मोहम्मद साहब की जीवनी पर रोशनी डालते हुए उनके नक्शे कदम पर चलने की बात कही, इस मौके पर हजार ऑन की तादात में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस में शिरकत कर पैगंबर मोहम्मद साहब को याद किया जुलूस के समापन के दौरान मौलानाओं ने देश व प्रदेश में चैन अमन के लिए दुआएं मांगी इस दौरान हजारों लोगों ने हाथ उठाकर भाईचारा एकता से रहने के लिए भी दुआ की जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद आजम कादरी ने कहा कि ईद मिलाद-उन-नबी का जश्न पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन की याद में मनाया जाता है। मोहम्मद साहब ने अपने पूरे जीवन में सच्चाई, ईमानदारी, और मुहब्बत की तालीम दी। उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है और उनके अनुयायी उन्हें श्रद्धा और आदर के साथ याद करते हैं। इस दिन मस्जिदों में विशेष नमाज़ अदा की जाती है, नबी की सीरत (जीवनी) को याद किया जाता है, और जुलूस निकाले जाते हैं। जुलूस के मौके पर बीजेपी अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष, मजहर नवाब नईम, समाजवादी पार्टी के नेता हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी, शोएब अहमद, पम्मी सैफी, सोहेल अहमद, शाहिद, गोविन्द सिंह बिष्ट, विधायक प्रतिनिधि सौरभ भट्ट, सलीम अंसारी, जाकिर हुसैन आदि लोग शामिल हुए।



### सुरक्षा को लेकर चप्पे-चप्पे पर दिखाई दी पुलिस

जुलूस की सुरक्षा को लेकर पुलिस भी चप्पे चप्पे पर दिखाई दी। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेई, एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, एसपी क्राइम हरबंस सिंह, सी ओ नितिन लोहनी, बनभूलपुरा थाना प्रभारी नीरज भाकुनी, सहित दो प्लाटून पीएसी, मौजूद रहे।

### विधायक सुमित हुए जुलूस में शामिल

जुलूस के दौरान जगह-जगह पर फल पानी खिचड़ी बिस्किट आदि सामग्री बाटी गई। इस मौके पर विधायक सुमित हृदयेश ने बनभूल पूरा पहुंचकर, मुस्लिम समुदाय के लोगों को गले मिलकर बधाई दी साथ ही फल व पानी की बोतल बाट कर, जुलूस में शामिल लोगों का इस्तकबाल किया।



जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर खुशी का इजहार करते बच्चे ।

# शासन-प्रशासन की अकर्मण्यता का नतीजा है अंतराष्ट्रीय स्टेडियम व गौलापुल के अस्तित्व के साथ खिलवाड़: सुमित हृदयेश

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

विधायक सुमित हृदयेश ने आज गोलापर स्थित अंतराष्ट्रीय स्टेडियम और गोला पुल पर गोला नदी से हुवे भूकटाव का स्थानीय जनप्रतिनिधियों संग स्थलीय निरीक्षण किया। विधायक सुमित हृदयेश ने मौके पर ही विधायक सुमित हृदयेश ने तहसीलदार हल्द्वानी, एनएचएआई, सिंचाई विभाग सहित पीडब्लूडी के अधिकारियों से विस्तार से बात कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को बचाने हेतु तुरंत ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि मा. खेल मंत्री जो कि नैनिताल जिले की प्रभारी मंत्री भी है उनका अभी तक आपदा प्रभावित अंतराष्ट्रीय स्टेडियम और प्रमुख गोला पुल का निरीक्षण ना करना क्षेत्र और खेल के प्रति उनकी उदासीनता और कार्य प्रणाली को दर्शाती है इससे जनता में काफी निराशा है। जबकि इसी अंतराष्ट्रीय स्टेडियम/ कॉम्प्लेक्स मे राष्ट्रीय खेल प्रस्तावित है। अंतराष्ट्रीय खेल स्टेडियम/ कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण करते समय स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विधायक सुमित हृदयेश को बताया कि गोला नदी से जो नुकसान स्टेडियम को हुवा है उसे रोका जा सकता था लेकिन शासन-प्रशासन की अकर्मण्यता के कारण स्व. डॉ इंदिरा हृदयेश जी की सौगात के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। विधायक सुमित हृदयेश ने खतरे की जद में आये गोला पुल को लेकर एन एच ए आई के अधिकारियों से कड़ी नाराजगी जाहिर की और विगत वर्षों में गौला पुल को बचाने हेतु जो भी कार्य हुवे उनकी उच्च स्तरीय जाँच करवाने की बात कही। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल और महानगर अध्यक्ष हल्द्वानी एडवोकेट गोविंद बिष्ट ने कहा कि गोला पुल पर आवाजाही बंद होने से स्थानीय निवासियों को आवागमन में जिन परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है उसका परिणाम निकाय और पंचायत चुनावों में भाजपा को देखने को मिलेगा। कांग्रेस विकास की देवी स्व. डॉ इंदिरा हृदयेश जी के सपने अंतराष्ट्रीय स्टेडियम और गोला पुल को बचाने के लिए स्थानीय जनता को साथ लेकर उग्र आंदोलन करेगी।





# स्थापना दिवस पर 100 से अधिक महिलाओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के 40वें स्थापना दिवस पर वार्ड नंबर 56 में महिला कांग्रेस का सदस्यता अभियान चलाया गया। वरिष्ठ नेत्री भागीरथी बिष्?ट और शोभा बिष्ट के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें 100 से अधिक महिलाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हल्द्वानी कांग्रेस महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने सभी नये सदस्यों का कांग्रेस में शामिल होने पर स्वागत किया और मिलजुलकर कांग्रेस की मजबूती के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

सदस्यता कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने एक स्वर में महिला सशक्तिकरण पर जोर देने की बात कही और आने वाले निकाय और पंचायत चुनाव में मातृशक्ति की भागीदारी बढ़ाने का आहवान किया, ताकि कांग्रेस चुनाव में बेहतर प्रदर्शन कर सके।

महिला कांग्रेस के 40वें स्थान दिवस के अवसर पर आयोजित महिला सदस्यता कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष मधु सांगुरी, पुष्पा नेगी, शोभा बिष्ट, रत्ना श्रीवास्तव, शशि वर्मा, रेनू तोमर, नीलू नेगी, मंजू पांडे, नीमा भट्ट, भावना बिष्ट आदि लोग उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया अखिल भारतीय की महिला कांग्रेस का स्थापना दिवस

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

अखिल भारतीय की महिला कांग्रेस का 40 वां स्थापना दिवस रविवार को नैनीताल जिले के भवाली कांग्रेस कार्यालय में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने सभी महिलाओं को स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग की मांग डिजिटलाइजेशन के दौर में खुद को अपग्रेड करते हुए भारतीय महिला कांग्रेस की वेबसाइट लांच की गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के आह्वान पर पूरे देश में रविवार को महिला कांग्रेस अपना 40वां स्थापना दिवस मना रही है। बिष्ट के मुताबिक प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में उत्तराखंड में भी महिला कांग्रेस अपना 40 वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। उत्तराखंड की वरिष्ठ पीसीएस सदस्य व एवं महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने कहा कि हम सभी को अधिक से अधिक माता तथा बहिनें तथा बेटियों को मुख्य धारा से जोडना होगा। इस मौके पर सदस्यता अभियान भी चलाया गया। खष्टी बिष्ट ने बताया कि वेबसाइट के माध्यम से महिलाओं को अपनी समस्या तथा सुझाव और पक्ष रखने का राष्ट्रीय मंच मिल पाएगा जिससे अन्य महिलाओं को सूचनायें प्राप्त हो सकेगी व उनके अधिकारों की रक्षा हो सकेगी। कहा कि महिला कांग्रेस राष्ट्र के विकास, महिला सशक्तिकरण और उनके हितों की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर मजबूती से खड़ी है और महिलाओं के लिए खुला मंच लेकर आई है। स्थापना दिवस पर केक भी काटा गया।

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष नंदी नेगी समेत निर्मला, आशा देवी, सुमन आर्य,अंजू चौधरी, ममता पांडे, बबली तिवारी, निशा बिष्ट, हेमा बेलवाल, लीला जोशी, दीपा, माया पंत, गीता बिष्ट, गीता जोशी, उषा, फैमीदा बेगम, संगीता, उर्मिला, भावना रावत सहित कई महिलाएं उपस्थित रही।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू रजपूत

# यूओयू में प्रवेश से वंचित छात्रों के लिये अंतिम मौका:डॉ. रावत

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थितियों एवं अन्य कारणों को दृष्टिगत रखते हुये उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश पंजीकरण की तिथि को बढ़ा दिया गया है। प्रवेश से वंचित छात्र-छात्राएं आगामी 20 सितम्बर तक उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश ले सकेंगे। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को समर्थ पोर्टल खोलने के निर्देश दे दिये गये हैं।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत राज्य विश्वविद्यालय परिसरों एवं उनसे सम्बद्ध निजी एवं राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक व परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिये ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि को बढ़ाकर 20 सितम्बर कर दिया है। प्रवेश से वंचित छात्र-छात्राएं अब निर्धारित तिथि तक समर्थ पोर्टल पर अपना पंजीकरण करा सकेंगे और उच्च शिक्षण संस्थानों में स्नातक व परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश ले सकेंगे। इस संबंध में शासन स्तर से शासनादेश भी जारी कर दिया है।




उन्होंने बताया कि स्नातक एवं परास्नातक प्रथम सेमेस्टर तथा तृतीय सेमेस्टर में ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि 17 सितम्बर निर्धारित की गई है, 19 सितम्बर तक महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जायेगी जबकि 20 सितम्बर तक प्रवेश शुल्क जमा किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिये यह छात्र-छात्राओं के पास अंतिम अवसर होगा। इस संबंध में कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल, श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय टिहरी तथा सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा सहित विभागीय अधिकारियों को भी निर्देश दे दिये गये हैं।

डॉ. रावत ने बताया कि अब तक राज्य के कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल, श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय टिहरी तथा सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा से सम्बद्ध शिक्षण संस्थानों में स्नातक एवं परास्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु 136830 छात्र-छात्राएं ऑनलाइन पंजीकरण करा चुके हैं तथा 79185 ने प्रवेश ले लिया है। जिसमें स्नातक स्तर पर पंजीकरण कराने वाले छात्रों की कुल संख्या 102823 है तथा परास्नातक स्तर पर 34007 छात्रों ने पंजीकरण कराया है। जबकि स्नातक स्तर पर 64397 तथा परास्नातक स्तर पर 14788 छात्र-छात्राएं प्रवेश ले चुके हैं।

### हिंदी दिवस पर स्कूली बच्चों को पुरुस्कृत किया

**नैनीताल ।** नगर के विभिन्न स्कूली बच्चों को सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से हिंदी दिवस पर विशेष रुप से पुरुस्कृत किया गया। इस बच्चों की ओर से हिंदी विषय में बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक अर्जित किए गए थे।

इसमें भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के छात्र जसिथ आलोक बिनवाल को भी मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। बता दें कि जसिथ आलोक ने हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में हिंदी विषय में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे, उन्हें भाषा संस्था देहरादून द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर उनके साथ उनकी हिन्दी अध्यापिका डॉ. नीलम जोशी और पिता सुरेश चन्द्र बिनवाल उपस्थित रहे। दूसरी ओर मोहन लाल साह बालिका इंटर कालेज की मेधावी छात्रा ममता बिष्ट को भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुरुस्कृत किया।

# अभिमत



## क्यों टाल रहे हैं चुनाव?

***यह कहना अनुचित नहीं होगा कि मुख्यमंत्री धामी अकेले सरकार की गाड़ी खींच रहे हैं। मंत्रिमंडल का विस्तार करने में हिचकिचा रहे हैं। मंत्री पद के अनेक दावेदार हैं, इसलिए निर्धारित संख्या से कम मंत्रियों से काम चलाने में ही सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। राजनीति के जानकारों का कहना है कि राज्य में दो विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव में भाजपा की पराजय से राज्य सरकार और पार्टी संगठन द्वारा निकाय चुनाव टाला जा रहा है। सरकार की इस कमजोरी से विपक्ष को हावी होने का मौका मिल रहा है।***

उत्तराखंड में नगर निकाय के चुनाव को लेकर संशय बरकरार है। निकायों में प्रशासकों का कार्यकाल एक बार फिर तीन माह के लिए बढ़ा दिया गया। राज्य में महानगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के चुनाव नहीं होने पर दो दिसंबर को मेयर, पार्षद, अध्यक्ष व सदस्यों का कार्यकाल खत्म होने पर छह माह के लिए प्रशासकों की नियुक्ति की गई थी। दो मई को छह माह पूरे होने पर तीन माह के लिए प्रशासकों का कार्यकाल बढ़ाया गया था। दो सितंबर को तीन माह की अवधि पूरी हो गई तो फिर से तीन माह का कार्यकाल बढ़ा दिया गया। इस बीच मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से निकाय चुनाव कराने के बारे में स्पष्टीकरण मांगा, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। विधानसभा चुनाव के दौरान केन्द्र और राज्य में एक ही पार्टी की सरकार को डबल इंजन बताकर विकास को मुद्दा बनाया गया और दो बार लगातार भाजपा सत्ता में आ चुकी है। निकाय चुनाव में सफलता के बाद कई शहरों में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने में कामयाबी मिली। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में राज्य की पांचों सीटों पर भाजपा ने जीत का परचम लहराया। इससे पहले वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सत्ता में वापसी जरूर की लेकिन मुख्यमंत्री खुद चुनाव हार गये। पार्टी हाईकमान ने पराजित मुख्यमंत्री पर ही विश्वास जताया और पुष्कर सिंह धामी की कुर्सी बरकरार रही। पुष्कर सिंह धामी हर मामले में निर्णय लेने में देरी नहीं करते हैं। एक के बाद एक उजागर हुए भर्ती घोटालों में तत्काल कार्रवाई की गई। प्राकृतिक आपदा तथा अन्य कोई हादसा होने पर मुख्यमंत्री धामी मौके पर पहुंचने में चूक नहीं करते हैं। मुख्यमंत्री धामी की सक्रियता सराहनीय है, लेकिन उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों पर सवाल उठ रहे हैं। मंत्रियों को जिलों का प्रभार सौंपा गया है। हर महीने रिपोर्ट देने को कहा गया। मंत्रियों ने रिपोर्ट नहीं दी। मजबूर होकर मुख्यमंत्री धामी ने सभी मंत्रियों को पत्र लिखा है। यह कहना अनुचित नहीं होगा कि मुख्यमंत्री धामी अकेले सरकार की गाड़ी खींच रहे हैं। मंत्रिमंडल का विस्तार करने में हिचकिचा रहे हैं। मंत्री पद के अनेक दावेदार हैं, इसलिए निर्धारित संख्या से कम मंत्रियों से काम चलाने में ही सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। राजनीति के जानकारों का कहना है कि राज्य में दो विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव में भाजपा की पराजय से राज्य सरकार और पार्टी संगठन द्वारा निकाय चुनाव टाला जा रहा है। सरकार की इस कमजोरी से विपक्ष को हावी होने का मौका मिल रहा है।

# सीबीएसई क्लस्टर 19वीं गर्ल्स कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**रुद्रपुर/खटीमा**

**हमारे संवाददाता**




उत्तराखंड सरकार में खेल एवं महिला कल्याण मंत्री रेखा आर्या खटीमा स्थित एसएमएस दत्ता मेमोरियल नोजगे पब्लिक स्कूल पहुँची। उन्होंने ने सीबीआई क्लस्टर 19वीं गर्ल्स कबड्डी प्रतियोगिता का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

नोजगे पब्लिक स्कूल के चेयरपर्सन सरदार राजपाल सिंह ने उत्तराखंड में खेलों के सम्पूर्ण विकास के लिए खेल मंत्री रेखा आर्या का आभार जताया। इसके बाद खेल मन्त्र ने कहा कि हमारा प्रदेश अब खेल के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व स्थान बना रहा है और इस प्रकार की प्रतियोगिताएं हमारे खिलाड़ियों और विशेषकर हमारी बेटियों को एक नया मंच दे रही हैं। उन्होंने इस प्रतियोगिता में भाग ले रही हर बेटी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की के एक दिन हमारी यही बेटियां कबड्डी में प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने इस बात पर भी खुशी जताई कि समाज कि सोच अब बदल रही है और बेटियां पढाई के साथ साथ खेलों में भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। खेल मंत्री ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हम खेलों और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध हैं और हमारी सरकार राज्य में हर स्तर से खेल सुविधाओं को बेहतर बनाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी अपना 100 प्रतिशत दें और उन्हें नौकरी देने का काम प्रदेश सरकार करेगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेलों में मेडल लाने वाले खिलाड़ियों को हमारी सरकार आउट ऑफ़ द टर्म जाकर राजकीय सेवाओं में नौकरी देने का कार्य कर रही है।

खेल मंत्री ने रमेश ओली का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वो भारत के पारंपरिक खेल मलखंब को और भी आगे ले जाने में जुटे हैं और उन्हें इस बात की खुशी है कि अब मलखंब खेल राज्य खेल नीति का अभिन्न हिस्सा है। इस कार्यक्रम में एमडी सुरेंद्र कौर, प्रधानाचार्य आरिज अल्वी, उप प्रधानाचार्य हेमचन्द पन्त, कलस्टर ऑब्जर्वर कुलवीर सिंह, जीवंत धामी, तारा बिष्ट, वरुण अग्रवाल, रेनू भण्डारी, कैप्टन गम्भीर सिंह, सरदार मेजर सिंह, सरदार सेवा सिंह, अमित पाण्डे और रमेश जोशी आदि मौजूद रहे।

**खेलकूद**

- **खेलेगा उत्तराखंड तो बढ़ेगा उत्तराखंड खिलाड़ी मेडल लाएं, नौकरी सरकार देगी:रेखा आर्या**

## अल्मोड़ा में भीषण सड़क हादसा, लमगड़ा के पास नदी में गिरा वाहन, तीन लोगों की मौत




**अल्मोड़ा।** जिले के लमगड़ा के पास देर रात मारुति वैगन आर अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरी। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। अल्मोड़ा जिले के लमगड़ा के पास देर रात मारुति वैगन आर अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरी। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मरने वालों में चालक प्रेम कुमार (35) निवासी ग्राम वीसा बजेठा पिथौरागढ़, सुनीता देवी (32) निवासी ग्राम कुमोडा पिथौरागढ़ और रजनी (22) निवासी ग्राम वीसा बजेठा पिथौरागढ़ शामिल है। जबकि दो अन्य लोग घायल हुए है। जिनमें आशीष कुमार (19) और आरुष कुमार (7) शामिल है। सभी एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे है।

# 3 से 8 अक्टूबर तक होगा अंतराष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**




आईटीएफ एम टी 100 ऑप्टिमम जेम्स कॉबेट कप 2024 अंतराष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता के आयोजन की तैयार कर ली गयी है। प्रतियोगिता का आयोजन 3 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक चुनाखान बैलपड़ाव में किया जायेगा।

आज आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुये सचिव हेम कुमार पांडेय ने बताया कि अंतराष्ट्रीय टेनिस फ़ेडरेशन, लंदन इंग्लैंड ने ऑप्टिमम टेनिस एकेडमी में 03 से 08 अक्टूबर तक आईटीफ एम टी 100 ऑप्टिमम जेम्स कॉबेट कप के आयोजन की अनुमति दी है। उन्होंने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन उत्तराखंड प्रदेश के कुमायूं जोन् में पहली बार किया जा रहा है। इसका बहुत बड़ा श्रेय उत्तराखंड टेनिस एसोसिएसन देहरादून को भी जाता है। इस भव्य अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन फैन्स स्पोर्ट्स क्लब द्वारा किया जा रहा है। इस प्रथम टूर्नामेंट के टूर्नामेंट डायरेक्टर अविनीश रस्तोगी व चीफ रेफरी एंटन दिसुजा है। वार्ता के क्रम में टूर्नामेंट डायरेक्टर अविनिश रस्तोगी ने बताया कि विश्व का कोई भी टेनिस खिलाडी अपने आयु वर्ग में अधिकतम 2 इवेंट्स एक सिंगल्स व एक डबल्स में प्रतिभाग कर सकता है।

प्रदर्शन के आधार पर खिलाडी की विश्व स्तर पर रेंकिंग निर्धारित होती है।इस सीनियर टेनिस प्रतियोगिता को 30 से 75 आयुवर्ग में बांटा गया है। महिला खिलाडी भी प्रतिभाग कर सकती है। समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र के साथ साथ विजेताओं व उप विजेताओं को आकर्षक ट्रॉफीया भी प्रदान की जायेगी। एकेडमी के निदेशक देवेंद्र सिंह रावत ने बताया की वर्तमान में एकेडमी में 5 फ्लड लाइट क्ले कोर्ट है। डी टी ए उपाध्यक्ष ललित मोहन जोशी ने कहाँ कि इस तरह के आयोजन से स्थानीय क्षेत्र में टेनिस खेल को प्रमोट करने में मदद मिलेगी।

एकेडमी के संरक्षक साकेत अग्रवाल ने कार्यक्रम के लिये सभी को शुभकामनायें दी। अंत में अमर जगाती ने सभी का आभार व्यक्त करते हुये बताया कि प्रतियोगिता का शुभारम्भ सांसद अजय भट्ट द्वारा किया जायेगा। प्रेस वार्ता कि अध्यक्षता डॉ समीर वर्मा ने की।

# फिल्मी दुनिया

## राजकुमार ने फिल्म की रिलीज से पहले साझा किया मजेदार वीडियो



*राजकुमार राव इन दिनों अपनी आगामी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। यह फिल्म 11 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसकी रिलीज से पहले राजकुमार ने एक मजेदार कब्रिस्तान का वीडियो अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर साझा किया है, जिसमें उनके साथ तृप्ति नजर आ रही हैं, जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी कॉमेडी ड्रामा फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। फिल्म की रिलीज को अभी कुछ समय बाकी है। इसी फिल्म के साथ 11 अक्तूबर को आलिया भट्ट की आगामी एक्शन-थ्रिलर फिल्म जिगरा भी रिलीज हो रही है। दोनों फिल्मों की बॉक्स ऑफिस पर कड़ी टक्कर होगी। विक्की विद्या का वो वाला वीडियो की रिलीज से पहले राजकुमार राव ने एक मजेदार वीडियो साझा किया है, जिसका नाता हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री से है। प्रशंसक इस वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया लगातार दे रहे हैं। राजकुमार राव ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर विक्की विद्या का वो वाला वीडियो का एक मजेदार वीडियो साझा किया है, जिसमें आप तृप्ति को कब्रिस्तान में देख सकते हैं। वे दोनों साथ में चल रहे होते हैं, तभी अचानक एक परछाई उनके पास से गुजरती है। वे बहुत डरे हुए नजर आ रहे हैं और चीखते भी हैं। राजकुमार ने इस मजेदार वीडियो को साझा किया और कैप्शन में लिखा, ऐसी भयानक स्थिति में विक्की तो क्या बिक्की भी डर जाता।*

### फैन ने लिखा

*फिल्म का ट्रेलर अभी रिलीज हुआ है। एक फैन ने लिखा, स्त्री तो नहीं आ गई, दूसरे फैन ने लिखा, स्त्री का खौफ अभी भी नहीं गया क्या, एक और फैन ने लिखा, क्या इस फिल्म में भी स्त्री नजर आएगी। हाल ही में निर्देशक राज शांडिल्य ने साफ किया कि राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी अभिनीत उनकी आगामी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो का 2014 की हॉलीवुड फिल्म सेक्स टेप से कोई संबंध नहीं है।*

# सिडकुल में दो लोगों ने श्रमिक को घेर कर चाकू से हमला कर नगदी और मोबाइल लूट ले गए

**रुद्रपुर**


**हमारे संवाददाता**

**लूट**

- **अस्पताल में भर्ती, पुलिस को दी सूचना**

सिडकुल मार्ग पर दो लोगों ने घर वापस लौट रहे एक श्रमिक को घेरकर उस पर चाकू से हमला कर उसके पास से नगदी और मोबाइल लूट लिया। बाद में धमकी देते हुए फरार हो गये।

घायल श्रमिक को उपचार के लिए चिकिसालय में भर्ती कराया गया। मूल रूप से ग्राम मुचैया बिसंडा थाना शीशगढ़ पीलीभीत यूपी निवासी प्रशांत कुमार पुत्र सर्वेश कुमार यहां आजादनगर ट्रांजिट कैम्प में किराये पर रहकर सिडकुल की किसी कंपनी में काम करता है। पीड़ित के मुताबिक वह बीती रात करीब साड़े दस बजे कंपनी से वापस पैदल घर लौट रहा था। जब वह एक फैक्ट्री के पास पहुंचा तो अचानक दो युवक उसके पास आये और उस पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसके सिर, हाथ व पेट में गंभीर चोटें आई। आरोप है कि बदमाश उसके पास से नगदी और मोबाईल समेत अन्य सामान लूट लिया। वह चाकू से हमला करते रहे। जब वह गिर गया तो बदमाश उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। बताया कि सूचना पर परिजन मौके पर आ गये और उसे उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। मामले की जानकारी पुलिस को दी है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करेगी।



News कॉर्नर

## सहायक अध्यापकों को ज्वाइनिंग के लिए अतिरिक्त समय मिला

**हल्द्वानी।** प्रदेश में नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को ज्वाइनिंग के लिए अतिरिक्त समय दिया गया है। इस संबंध में प्रारंभिक शिक्षा निदेशक उत्तराखंड रघुनाथ लाल आर्य ने जिला शिक्षाधिकारियों को आदेश जारी किये हैं। कहा गया है कि बीती 18 अगस्त को द्वितीय काउंसलिंग आयोजित की गई थे। इसके बाद दो, तीन, चार व छह सितंबर को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये थे। इसके साथ ही अभ्यर्थियों को आवंटित विद्यालयों में कार्यभार ग्रहण करने के लिए समयसीमा निर्धारित की गई थी, जो संभवत: 15 व 16 सितंबर को समाप्त हो जाएगी। वहीं बारिश के कारण 12 व 13 सितंबर को विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया था। इसके मद्देनजर अब ज्वाइनिंग के लिए एक सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया गया है।

# सिडकुल पुलिस का ओवरलोड वाहनों के खिलाफ संघन चैकिंग अभियान

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

एसएसपी मणिकांत मिश्रा के जनपद की कमान संभालने के बाद पुलिस का ओवरलोड/बिना न प्लेट वाहनों के विरुद्ध अभियान शुरू हो गया।

इसी अभियान के तहत थाना पंतनगर की चौकी सिडकुल पुलिस ने क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए ओवरलोड वाहनों के अलावा बिना नंबर प्लेटों पर कार्रवाई की। चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में चलाए गए संघन चैकिंग में कई ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सीज की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि इसके अलावा पुलिस ने बिना नंबर प्लेटों पर भी कार्रवाई की। चालान की कार्रवाई की गई।



चौकी प्रभारी ने बताया कि एसएसपी के आदेश पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। पुलिस की कार्रवाई से ओवरलोड वाहन चालकों में हड़कंप मचा है।

**कार्रवाई**

● कई वाहन सीज,चालान की भी कार्रवाई



## विपक्ष सिर्फ नकारात्मकता बाते फैलाने के लिए साजिशें कर रहा: डब्बू

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड मंडी के परिषद अध्यक्ष डॉ. अनिल कपूर डब्बू ने आज रामपुर रोड स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा उत्तराखंड गठन से अभी तक कई सरकारें आई हैं, उनमें सबसे अच्छा काम मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व में हो रहा है।

विपक्ष सिर्फ नकारात्मकता बाते फैलाने के लिए साजिशें कर रहा है लेकिन पुष्कर धामी की लोकप्रियता के चलते उनके मंसूबे फेल हो जा रहे हैं। मंडी परिषद अध्यक्ष डॉ. अनिल कपूर डब्बू ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने राज्य हित में कड़े फैसले लिए हैं। पहली बार दंगा करने वालों से संपत्ति वसूली के लिए लोक एवं निजी संपत्ति क्षति वसूली अध्यादेश, बदलती डेमोग्राफी के सुधार के लिए समान नागरिक संहिता, राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन 3500 से बढ़ाकर 4600 रुपये करने, राज्य आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण, महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण, देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून जैसे कई अहम फैसले लिए हैं। सड़कें चौड़ीकरण, नहर कवरिंग, रिंग रोड, भ्रष्टाचार पर वार, नमो भवन जैसे कई प्रोजेक्ट्स तो हल्द्वानी में ही संचालित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सोमवार को मुख्यमंत्री धामी का जन्मदिन है जिसे सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। इस समय राज्य आपदा की मार झेल रहा है, इस वजह से सीएम का जन्मदिन सादगी से मनाया जाएगा। सोमवार की सुबह मैराथन, सुंदरकांड, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिले में भी आपदा से निबटने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए है। वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, जिला मीडिया प्रभारी भुवन भट्ट, दर्जा मंत्री दिनेश आर्या, ध्रुव रौतेला, चतुर सिंह बोरा, हेम बोरा आदि मौजूद रहे।

## नियमितीकरण की मांग को लेकर पर्यावरण संरक्षण, 74वें दिन भी जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम का नियमितीकरण की मांग को लेकर पर्यावरण संरक्षण के तहत किया जा रहा अनूठा आंदोलन रविवार को 74वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि रविवार को भी निगम की इकाइयों के परिसर में निगम के कर्मचारियों के द्वारा विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। वहीं पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ स्थित मानसरोवर यात्री वाटिका परिसर में भी 75 पौधों का रोपण किया जाएगा जबकि 18 सितंबर को देहरादून में गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रबंध निदेशक प्रशांत कुमार से महासंघ के पदाधिकारियों की बैठक होनी है जिसमें गढ़वाल मंडल विकास निगम के अग्रिम आदेश के तहत दैनिक वेतन में कार्य कर रहे कर्मचारियों के अग्रिम आदेश बहाली पर वार्ता के साथ अन्य समस्याओं पर भी वार्ता की जाएगी। यहां महामंत्री कंचन चंदोला समेत उपाध्यक्ष गौतम कुमार तथा पीतांबर दुमका तथा महेश कुमार दास तथा हरीश कांडपाल सहित सभी जनपदों के पदाधिकारी व गढ़वाल मंडल में महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष जोगिंदर लाल व संजय भट्ट, महामंत्री विजय पुरोहित, उपाध्यक्ष अनिल जोशियाल व संरक्षक सुरेश पवार रहे।

